Newsletter Govt. Polytechnic Bhatapara

वर्ष-2 अंक-1 **जनवरी – मार्च 2023**

एक दिवसीय NSS शिविर

संस्था में दिनांक 11-01-2023 दिन बुधवार को एक दिवसीय NSS कैंप का आयोजन ग्राम कोड़ापार में किया गया | केम्प का मुख्य उददेश्य NSS के स्वयंसेवको को ग्रामीण वातावरण एवं समाजसेवा के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करना तथा स्वच्छ्ता, जागरूकता कार्यक्रम एवं छात्रों का व्यक्तित्व विकास करना था | कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनिका जैन द्वारा केम्प का नेतृत्व किया गया |एक दिवसीय शिविर में 22 स्वयं सेवको ने हिस्सा लिया एवं श्री केशव प्रसाद पटेल व्याख्याता इलेक्ट्रिकल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया |

Technical objective competition

दिनांक 13/01/2023 को पंचम सेमेस्टर इलेक्ट्रिकल के समस्त छात्र / छात्राओ का technical objective competition का आयोजन किया गया। इस technical objective competition को संपन्न कराने में इलेक्ट्रिकल ब्रांच के विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी मैडम एवं व्याख्याता श्री केशव पटेल, श्री भूपेंद्र देवांगन, सुश्री दीक्षा वर्मा एवं सुश्री इंदु वर्मा का योगदान रहा।

भौतिकी प्रयोगशाला

संस्था मे प्रत्येक सप्ताह भौतिक प्रयोगशाला का आयोजन किया जाता है। जनवरी माह में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रिज्म का अपवर्तनांक ज्ञात किया | प्रयोग के दौरान विद्यार्थियो ने न्युन्तम विचलन का मान ज्ञात किया और उसकी सहायता से प्रिज्म का अपवर्तनांक ज्ञात किया |

ओम के नियम मे विद्यार्थियों द्वारा वि. आई ग्राफ का निर्माण किया, ओम के नियम का सत्यापन किया गया | प्रयोग के दौरान विद्यार्थियों ने प्रायोगिक कार्य को उत्साह पूर्वक किया ।

विषय शिक्षिका श्रीमती ज्योति सेन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने प्रायोगिक कार्य संपन्न किया |



GEOTECH प्रायोगिक कार्यशाला सिविल पंचम सेमेस्टर

STANDARD PROCTOR TEST -

इसकी सहायता से मृदा का अनुकूलतम जलांश व शुष्क घनत्व ज्ञात किया जाता है। इस test में मृदा को संहनन की प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है। compartion के लिए 2.6kg भार के Rammer (दुरमुत) को 310 mm की ऊंचाई से गिराया जाता है। संहनन एक यांत्रिक विधि है जिसके द्वारा soil का आयतन कम कर उसका शुष्क घनत्व बढ़ाया जाता है | मृदा का अनुकूलतम जलांश मृदा में उपस्थित जल की वह मात्रा है जिसको मिलाकर एक निश्चित मात्रा का compaction करने पर मृदा का अधिकतम शुष्क धनत्व प्राप्त हो। GEOTECH विषय शिक्षिका श्रीमती प्रियंका शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने लैब का कार्य संपन्न किया |

यूनिवर्सल टेस्टिंग मशीन मेकेनिकल तृतीय सेमेस्टर

यूनिवर्सल टेस्टिंग मशीन या यूटीएम दोहरी परीक्षण मशीन है जो संपीड़न और तन्यता परीक्षण कर सकती है। यूनिवर्सल टेस्टिंग मशीन दृढ़ता और दोहन को मापने में सक्षम बनाती है। यह इंडेंटेशन फोर्स डिफ्लेक्शन (IFD) नामक एक भौतिक संपत्ति पर आधारित है। जो एक परीक्षण टुकड़े को विक्षेपित करने के लिए आवश्यक बल का निर्धारण करके गणना की जाती है। जो एक परिपत्र इंडेंट का उपयोग करके अपनी मूल मोटाई का एक प्रतिशत है। यह एक बल लागू करता है, जबकि इंडेंटेशन की डिग्री भी दर्ज करता है।

तन्यता परीक्षण क्यों महत्वपूर्ण है?

तन्यता परीक्षण सामग्री की गुणवत्ता का परीक्षण करने के लिए उपयोग की जाने वाली एक सामान्य विधि है। एक नमूने का तन्यता टूटने के बिंदु तक पहुंचने तक (तनाव लागू करने) के लिए आवश्यक बल द्वारा निर्धारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, एक रस्सी को दोनों सिरों से तब तक खींचा जाता है जब तक कि वह ब्रेकिंग पॉइंट तक न पहुँच जाए। यह परीक्षण गुणवत्ता विशेषज्ञ को यह निर्धारित करने में मदद करता है कि सामग्री/उत्पाद विभिन्न परिस्थितियों को बनाए रखेगा या नहीं। न्यूनतम तन्य शक्ति निर्दिष्ट परीक्षण मानक द्वारा निर्धारित की जाती है। तन्यता परीक्षण के अनुप्रयोग असीमित हैं। कपड़ा कंपनियों से लेकर अनुसंधान संगठनों से लेकर एयरोस्पेस कंपनियों तक, तन्यता परीक्षण हर गुणवत्ता परीक्षण विभाग द्वारा किया जाता है।

राष्ट्रीय युवा दिवस

राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब द्वारा रंगोली, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया | सभी छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लाया एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती सर ने सफल कार्यक्रम हेतु NSS प्रभारी डॉ. मोनिका जैन को बधाई दी|

FIRE EXTINGUISHER TESTING

दिनांक 12-01-2023 को पंचम सेमेस्टर इलेक्ट्रिकल के समस्त छात्र /छात्राओं को Installation maintenance & testing of electrical equipment lab के अंतर्गत विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी के द्वारा fire extinguisher का प्रायोगिक कार्य कराया गया। इसमें किसी भी अचानक आगजनी में किस तरह से आग से बचा जाए उसकी जानकारी तिवारी मैडम द्वारा दी गई।

NSS के विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान

संस्था में दिनांक 16-01-2023, दिन- सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. मोनिका जैन के मार्गदर्शन में प्रथम वर्ष के NSS स्वयं सेवकों द्वारा संस्था के मैदान में श्रमदान का कार्यक्रम रखा गया | इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने संस्था मैदान में लगे सभी पेड़ पौधों में मिट्टी डालकर मैदान को समतल किया एवं पेड़ पौधों को एक नया जीवन प्रदान करने में सहयोग दिया|

श्र
म
दा
न

CAD LAB प्रायोगिक कार्य

इसमें AUTO CAD software की सहायता से Residential Building का प्लान, Section और Elevation Design किया जाता है। यहाँ दर्शित ड्राइंग में Residential Building के एक वरांडा व एक बेड रूम का Sectional view बनाया गया है। जिसमें वरांडा क्या बेड रूम के कॉलम, बीम्स, ईंट की दिवार , दरवाजे , खिडकियों की स्थिति दर्शायी गई है। इसके लिए Auto CAD के विभिन्न कमांड जैसे- line, offset, trim, HATCH, Dimension इत्यादि का उपयोग किया जाता है। विषय शिक्षिका श्रीमती प्रियंका शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने लैब का कार्य संपन्न किया |

गायन प्रतियोगिता

Induction programme के तहत Cultural club एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा संयुक्त रूप से एकल गायन, सामूहिक गायन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 18-01-2023 दिन बुधवार को किया गया | संस्था के क्लब प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड एवं श्रीमती ज्योति सेन के देखरेख में आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों बढ़- चढ़ कर अपनी कला का प्रदर्शन किया |

एकल गायन प्रतियोगिता के विजेता के रूप में प्रथम स्थान पर हिमांशु वर्मा , इलेक्ट्रिकल पंचम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर भूपेन्द्र कुमार, इलेक्ट्रिकल तृतीय सेमेस्टर तथा तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से विनीता विश्वकर्मा, सिविल तृतीय सेमेस्टर तथा लीना सिंग, इलेक्ट्रिकल तृतीय सेमेस्टर रहे |

रेड रिबन क्लब के अंतर्गत NSS द्वारा पुरस्कार वितरण

सत्र 2022-23 में संस्था की रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसका पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 19-01-2023 को रखा गया प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं के नाम निम्नानुसार हैं-

क्र.	प्रतियोगिता का नाम	परिणाम	विजेता का नाम	ब्रांच/सेमेस्टर
1	रंगोली प्रतियोगिता	1	निहारिका साहू	इलेक्ट्रिकल 1st
			काजल वर्मा	सिविल 1st
		2	लीना ठाकुर	इलेक्ट्रिकल 3rd
			कोमल कुंजाम	इलेक्ट्रिकल 3rd
2	निबंध प्रतियोगिता	1	भूपेंद्र कुमार	इलेक्ट्रिकल 3rd
		2	तिलेंद्र वर्मा	इलेक्ट्रिकल 1st
		3	विनोद	मैकेनिकल 1st
3	पोस्टर प्रतियोगिता	1	रितु	सिविल 1st
		2	गौरव वर्मा	इलेक्ट्रिकल 5th
		3	शुभम साहू	इलेक्ट्रिकल 1st

गणतंत्र दिवस समारोह

संस्था में दिनांक 26 जनवरी 2023 को 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया | इस आयोजन में संस्था के प्राचार्य डॉ. आई.सी.भारती सर, विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रिकल श्रीमती सुनीता तिवारी मैडम सहित संस्था के सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे| प्राचार्य सर द्वारा ध्वजारोहण उपरांत उपस्थित सभी लोगो ने सामूहिक राष्ट्रगान गाया | सर ने राष्ट्रध्वज की महत्ता को बताते हुए कहा कि ये सिर्फ एक ध्वज नहीं वरन देश के आत्मसम्मान का प्रतीक है, यदि हम देश के प्रति सच्ची कर्तव्यनिष्ठा का पालन करेंगे तो सही मायने में यही ध्वज के प्रति हमारा सम्मान होगा कहकर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी| विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रिकल श्रीमती सुनीता तिवारी मैडम ने सुमधुर गीत गाकर सभी के दिलों में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया | विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य के माध्यम से राष्ट्र के प्रति अपनी भक्ति को उजागर किया | मिष्ठान्न उपरांत कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की |

संस्था के चारों ओर जाली तार से बाउंड्री का निर्माण

संस्था को सुरक्षित बनाने के लिए प्राचार्य डॉ.आई.सी. भारती सर के अथक प्रयासों से दिनांक 03-02-2023 को संस्था के चारों ओर जाली तार से बाउंड्री का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ |

युवा महोत्सव (TECHFEST) जोन-2 का आयोजन

CSVTU द्वारा आयोजित युवा महोत्सव (TECHFEST) में जोन -2 के अंतर्गत आने वाले संस्थाओं के मध्य अंतर महाविद्यालयीन प्रतिस्पर्धाओं, मेहंदी, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14-02-2023 को संस्था में किया गया|

संस्था की सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती आम्रपाली बंसोड, सहायक श्रीमती ज्योति सेन एवं NSS प्रभारी डॉ.मोनिका जैन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफलतापूर्ण संचालन किया गया| प्राचार्य डॉ. आई.सी. भारती सर ने उपस्थित 7 कॉलेज के प्रतिभागियों तथा उनके साथ आये शिक्षकों को प्रतियोगिता में विजयी बनने के आशीर्वचन देकर कार्यक्रम को प्रारंभ किया | संस्था के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित हुआ |

BNCES मॉडल प्रदर्शनी

संस्था मे दिनांक 17-02-2023 दिन शुक्रवार को विषय गैर परंपरागत ऊर्जा के स्त्रोत (BNCES) मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया | जिसमे प्रथम वर्ष के इलेक्ट्रिकल एवं सिविल के विद्यार्थियो ने हिस्सा लिया| प्रदर्शनी मे विद्यार्थियो ने मॉडल के द्वारा ऊर्जा के गैर परंपरागत स्त्रोत के उपयोगिता के बारे मे समझाया|
मॉडल प्रदर्शनी का संचालन विषय शिक्षिका श्रीमती ज्योति सेन ने किया|
प्राचार्य डॉ आई. सी भारती सर, सिविल विभाग के व्याख्याता श्री उपेन्द्र पटेल, श्रीमती आम्रपाली बंसोड, सुश्री दीक्षा वर्मा, एवं समस्त शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति देकर विद्यार्थियो को मार्गदर्शन दिया एवं उनका मनोबल बढ़ाया|

स्वागत एवं विदाई समारोह

संस्था में दो नए व्याख्याताओं के आगमन पर स्वागत समारोह तथा मेकेनिकल विभाग के व्याख्याता श्री शैलेश सिदार का स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन दिनांक 03-03-2023 को किया गया | कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती सर, इलेक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी मैडम एवं सभी शिक्षक उपस्थित हुए | सिविल विभाग की व्याख्याता सुश्री आकांक्षा देशमुख सर्वप्रथम स्वागत का कार्यक्रम प्रारंभ किया |

शासकीय पॉलिटेक्निक जगदलपुर से इलेक्ट्रिकल विभाग में आये व्याख्याता श्री केशव प्रशाद पटेल को संस्था के प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा मेकेनिकल विभाग में आये व्याख्याता श्री सुनील कुमार अनंत को तिवारी मैडम ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया |

स्वागत उपरांत विदाई का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया | संस्था के मेकेनिकल विभाग के व्याख्याता श्री शैलेश सिदार का स्थानांतरण शासकीय पॉलिटेक्निक जगदलपुर में हुआ| संस्था के प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री सिदार का स्वागत किया| श्री सिदार ने अपने पिछले 6 वर्षों के अनुभवों को उपस्थित सभी के साथ साझा किया, सभी शिक्षको ने श्री सिदार के साथ बिताये अनुभवों को याद किया | प्राचार्य सर ने श्री सिदार के उज्जवल भविष्य की कामना कर स्मृति चिन्ह भेंट किया | स्वल्पाहार उपरांत सुश्री देशमुख ने कार्यक्रम का समापन किया |

स्वागत

विदाई

ऑनलाइन ई-लाइब्रेरी

संस्था के सेमिनार हॉल में दिनांक 20-02-2023 को ई- लाइब्रेरी से सम्बंधित ऑनलाइन कार्यक्रम संस्था की ग्रंथपाल सुश्री शशि ब्रजपुरिया के द्वारा आयोजित किया गया| जिसमें CSVTU के द्वारा छात्र हित में ई- लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया, जिसका उदघाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी द्वारा किया गया |

उक्त के अंतर्गत सत्र 2021-22 के अध्यनरत छात्रों हेतु ऑनलाइन ई-बुक्स की सुविधा उपलब्ध है जिसे CSVTU की साईट से उनके digivarsity अकाउंट में लॉग इन करके उपयोग किया जा सकता है | ई –लाइब्रेरी के उपयोग को सुगम बनाने हेतु संस्था ग्रंथालय में यूजरमेनुअल उपलब्ध है|



प्लेसमेंट हेतु ऑनलाइन स्क्रीनिंग एग्जाम

दिनांक 16-3-2023 को **लार्सन एंड टूब्रो कंपनी** के प्लेसमेंट हेतु ऑनलाइन स्क्रीनिंग एग्जाम का आयोजन DTE के माध्यम से किया गया, जिसके लिए संस्था के मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग से कुल 25 योग्य छात्र/छात्राएं पात्र थे |जिसमें 18 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिलाया एवं/07 छात्रों की अनुपस्थिति रही । संस्था की प्रभारी श्री उपेन्द्र कुमार पटेल TPO तथा इलेक्ट्रिकल विभाग के व्याख्याता श्री भूपेंद्र कुमार देवांगन की उपस्थिति में ऑनलाइन स्क्रीनिंग एग्जाम संपन्न कराया गया|

पुरस्कार वितरण समारोह

संस्था में दिनांक 17-03-2023 को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया | संस्था के प्राचार्य डॉ.आई.सी.भारती सर ने उपस्थित छात्र – छात्राओं को उनके द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्यो हेतु बधाई दी तथा भविष्य में इसी तरह बढ़ चढ़ कर प्रतियोगिताओ में हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया | सत्र -2022-23 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र –छात्राओं को प्राचार्य सर एवं सुनीता तिवारी मैडम द्वारा लिए प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान किया गया |

पुरस्कार समारोह

विजेता छात्र –छात्राओं के नाम

Event Name	Rank	Students Name	Fathers name	Class
Essay Youth Festival	2	Tilendra Verma	Manoj Verma	Elec 1st
Kabaddi Youth Festival	1	Puran Verma	Dileshwar Verma	Elec 5th
		Ritesh Verma	Bhojram Verma	Elec 5th
		Somit Das	Pramod Das	Elec 5th
		Chatra sauhai Manikpuri	Prahlad Das	Elec 5th
		Digesh Sahu	Purushottam Sahu	Elec 3rd
		Ajay Kumar Verma	Rameshwar Verma	Elec 3rd
		A.D. Gelvin Banjare	Aatri Das Banjare	Civil 5th
		Vijay Kumhar	Chhedilal kumhar	Elec 3rd
		D. Shankar	Vishwaprashad Rao	Civil 5th
		Deepak Sahu	Ishwar Sahu	Elec 3rd
Seminar Competition	1	Aditya Nishad	Sevak Ram Nishad	Elec 1st
	2	Om Sahu	Harish chandra sahu	Elec 5th
	3	Pankaj Nishad	Takeshwar Nishad	Mech 3rd
	3	Ritu	Dhanish gritlahare	Elec 1st
Drama Competiton	1	1 Om Sahu	Harish chandra sahu	Elec 5th
		2 Himanshu Verma	Ram Karan Verma	Elec 5th
		3 Sandhya Verma	Girdhari Lal Verma	Elec 5th
		4 Pushpendra Namdev	Keshav Prashad	Elec 5th
		5 Aakash Verma	Ayodhya Ram Verma	Elec 5th
		6 vaibhav Verma	Liladhar Verma	Elec 5th
	2	1 Rahul Singroul	Ramnarayan Singroul	Civil 3rd
		2 Tarkesh Singroul	Ramnarayan Singroul	Civil 3rd
		3 Kishor Kumar	Mohan Lal	Civil 3rd
		4 Indrajeet Lahre	Madhav Das Lahre	Civil 3rd
		5 Somnath Gupta	Kailash Gupta	Civil 3rd
		6 Vineeta Vishwakarma	Dinesh Vishwakarma	Civil 3rd
		7 Gopendra Sahu	Tirath Ram Sahu	Civil 5th
		8 Divya Bharti	Duryodhan Yadu	Civil 5th
		9 Munindra Nishad	Kishan Nishad	Civil 3rd
	3	1 Ginish Dhruw	Kartik Dhruw	Elec 1st
		2 Ashish	Ram Kumar	Elec 1st
		3 Mukesh Sahu	Khilawan Sahu	Elec 1st
		4 Jai prakash	Dilip Sahu	Elec 1st
		5 Tilendra	Manoj Verma	Elec 1st
		6 Dushyant	Vimal Kumar Sahu	Elec 1st

		7 Deepak 8 Vinod 9 Sanjay Nishad 10 Gaurav Kose	Raspal Dhansay Mulchznd Nishad Kodeshwar Prashad Kose	Elec 1st Mech 1st Elec 1st Elec 1st
Painting Competiton	1 2 3	Mukesh Sahu Chand Kumar Pramod Mahilange	Khilawan Sahu Ramesh Rajkumar Mahilange	Elec 1st Mech 1st Mech 1st
Essay	1 2	Vinod Tilendra	Dhansay Manoj Verma	Mech 1st Elec 1st
Best out of Waste	1 1 1 1 2 3 3	Rahul Somnath Indrajeet kishor Gaurav Verma Himanshu Verma Sandhya Verma	Ramnarayan Singroul Kailash Gupta Madhav Das Lahre Mohan Lal Yugal Kishor Verma Ram Karan Verma Girdhari Lal Verma	Civil 3rd Civil 3rd Civil 3rd Civil 3rd Elec 5th Elec 5th Elec 5th
Singing	1 2 3 3	Himanshu Verma Bhupendra Kumar Vineeta Vishwakarma Leena Singh	Ram Karan Verma Manrakhan Nirmalkar Dinesh Vishwakarma Yogendra Singh Thakur	Elec 5th Elec 3rd Civil 3rd Elec 3rd
Rangoli Zone 2	1	Sandhya Verma	Girdhari Lal Verma	Elec 5th
Painting Zone 2	3	Mukesh Sahu	Khilawan Sahu	Elec 1st
Cricket	1	Puran verma	Dileshwar Verma	Elec 5th
		prakash verma	Hemu Ram Verma	Elec 5th
		Somit das	Pramod Das	Elec 5th
		Ritesh verma	Bhojram Verma	Elec 5th
		prakash verma	Rameshwar Prashad Verma	Elec 5th
		Nikhil verma	Shashibhushan Verma	Elec 5th
		Akash verma	ayodhyaram Verma	Elec 5th
		Girdhari verma	Avadhram Verma	Elec 5th
		Kitiman sahu	Dhanna Sahu	Elec 5th
		Lakesh chauhan	Dilchandra Chahun	Elec 5th
		Priyam singh thakur	Rajesh Singh Thakur	Elec 5th
Race(100 m) boys	1	Gopal	Purushottam Yadu	Mech 1st
Race(100 m) boys	2	Prakash Verma	Hemu Ram Verma	Elec 5th
Race(100 m) boys	3	Chand Kumar	Ramesh	Mech 1st

Race(100 m) girls	1	Sandhya verma	Girdhari lal verma	elect 5th
Race(100 m) girls	2	Divya bharti yadu	Duryodhan yadu	civil 5th
Race(100 m) girls	3 3	Ritu ghritlahare	Dhanish gritlahare	elect 1st
Race(200 m) boys	1	Gopal	Purushottam Yadu	Mech 1st
Race(200 m) boys	2	Prakash Verma	Hemu Ram Verma	Elec 5th
Race(200 m) boys	3	Somit Das	Pramod Das	Elec 5th
Race(200 m) girls	1	Ritu ghritlahare	Dhanish gritlahare	elect 1st
Race(200 m) girls	2	Sandhya verma	Girdhari lal verma	elect 6th
Race(200 m) girls	3	Divya bharti yadu	Duryodhan yadu	civil 6th
Race(400 m) boys	1	Gopal	Purushottam Yadu	Mech 1st
Race(400 m) boys	2	Puran Verma	Dileshwar Verma	Elec 5th
Race(400 m) boys	2	Nageshwar Nishad	Suryabhan Nishad	Elec 5th
Carrom	1	Om Sahu	Harish chandra sahu	elect 6th
	2	Digesh Sahu	Purushottam Sahu	
Discus throw	1	Rahul Singroul	Ramnarayan Singroul	Civil 3rd
	2	Vedant Verma	Chandraprakash Verma	Elec 3rd
	3	Humesh	Uttara Kumar	Elec 3rd
Shot-put	1	Pankaj Kumar verma	Balram verma	Mech 3rd
	2	Rahul Singroul	Ramnarayan Singroul	Civil 3rd
	3 3	Vedant Verma	Chandraprakash Verma	Elec 3rd
Chess	1	Ratnakar	Vishal sahu	Elect 3rd
	2	Naveen	Aajuram kaushik	elect 6th

प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण

संस्था में पूर्व निर्मित खुले कक्ष में दीवाल उठा कर तीन नए प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण कार्य करवाया गया | संस्था के सिविल विभाग के व्याख्याता श्री उपेन्द्र कुमार पटेल के निर्देशन में दिनांक 27-03-2023 को निर्माण कार्य पूर्ण हुआ | प्राचार्य डॉ.आई.सी.भारती सर ने पटेल सर के कार्य की सराहना करते हुए नव निर्मित कक्ष के लिए बधाई दी|

पार्किंग एवं गेट निर्माण

संस्था के पार्किंग स्टेंड में पर्याप्त जगह न होने के कारन विद्यार्थियों को अपने वहां रखने में असुविधा होती थी, इस असुविधा को दूर करने क लिए प्राचार्य डॉ.आई.सी.भारती सर ने नए पार्किंग स्टैंड का निर्माण छात्र हित में करवाया | संस्था की मुख्य गेट भी नहीं थी, जिसके कारण बाहरी व्यक्तियों तथा पशुओं का प्रवेश होता था, सुरक्षा तथा छात्र हित को ध्यान में रखते हुए मुख्य गेट का निर्माण कार्य कराया गया | संस्था के सिविल विभाग के व्याख्याता श्री उपेन्द्र कुमार पटेल के निर्देशन में यह कार्य पूर्ण हुआ |

साफ़ –सफाई

Profile of a Teacher

Mr. Abhishek Dewangan

B.E.(Computer Science & Engineering)

2007-2011

Bhilai Institute of Technology, Durg

अनुभव- 6 वर्ष

इस संस्था के सदस्य श्री अभिषेक देवांगन ने अपनी शासकीय सेवा का प्रारंभ भारत सरकार के उपक्रम यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में सहायक प्रबंधक के रूप में प्रारंभ किया| बैंक में इन्होने विभिन्न ब्रांचो में पदस्थ होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लगभग 3 वर्ष 6 माह की सेवा उपरांत वर्ष 2016 अक्टूबर माह में व्याख्याता कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के रूप में शासकीय पॉलिटेक्निक भाटापारा में पदभार ग्रहण किया| इन्होंने संस्था में कंप्यूटर लैब सेटअप किया | संस्था में बीएसएनल का टेलीफोन कनेक्शन एवं इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई | अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) प्रभारी के रूप में संस्था को एआईसीटीई अप्रूवल दिलाना उनके महत्वपूर्ण दयित्व्यो में से एक है | इसके अतिरिक्त दस्तावेज परीक्षण केंद्र भाटापारा में प्रभारी डीवीसी इंचार्ज के रूप में तकनीकी शिक्षा संचालनालय के अन्तर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रवेश के लिये आवेदक के दस्तावेज परीक्षण का दायित्व ये संभालते है | साथ ही ऑनलाइन काउंसलिंग के आधार पर संस्था में प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर(लेटरल) के प्रवेश के समय ऑनलाइन एडमिशन संबंधित कार्य इनके द्वारा किया जाता है। ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन प्रभारी के रूप में AISHE का कार्य इनके द्वारा किया जाता हैं | वर्ष 2016, 2017 एवं 2018 में इन्होंने सहायक परीक्षा अधीक्षक के रूप में कार्य किया है | इलेक्ट्रिकल, सिविल एवं मैकेनिकल ब्रांच में प्रथम वर्ष के छात्रों को कंप्यूटर फंडामेंटल एंड एप्लीकेशन विषय तथा इलेक्ट्रिकल ब्रांच के चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रोग्रामिंग एवं बेसिक नेटवर्किंग विषय का अध्यापन इनके द्वारा किया जाता है |

संक्षेप में समाचार

- राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मकरसंक्रांति के उपलक्ष में सूर्य नमस्कार कराया गया |
- तृतीय सेमेस्टर लेटरल विद्यार्थियों का नामांकन फॉर्म दिनांक 24-01-2023 से 30-01-2023 तक संस्था में श्री अभिषेक देवांगन एवं श्रीमती आम्रपाली बंसोड़ के मार्गदर्शन में कराया गया |
- पंचम सेमेस्टर की ऑफलाइन परीक्षा दिनांक 27-01-2023 से 06-02-2023 तक संस्था में आयोजित की गई |
- पंचम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 07-02-2023 से दिनांक 09-02-2023 तक आयोजित की गई |
- तृतीय सेमेस्टर की ऑफलाइन परीक्षा दिनांक 25-02-2023 से 06-03-2023 तक संस्था में आयोजित की गई |
- तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 10-03-2023 से दिनांक 13-03-2023 तक आयोजित की गई |
- Roadmap के अधिकांश कार्य मार्च 2023 तक पूर्ण कर लिए गए |
- संस्था के प्राचार्य कक्ष में दिनांक 28-03-2023 को CSVTU द्वारा ऑनलाइन इंस्पेक्शन का कार्य किया गया |
- BPL तथा MERIT छात्रवृत्ति से सम्बंधित कार्य संपन्न हुए |
- इलेक्ट्रिकल अंतिम सेमेस्टर के छात्र हिमांशु वर्मा का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर 2023 में हुआ |
- प्रथम सेमेस्टर के द्वितीय CT का आयोजन 28-03-2023 से किया गया |

संपादकीय-

यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष की बात है कि संस्था के न्यूज़लेटर पिछले एक वर्ष का हमारा प्रयास आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतरा, इसी ख़ुशी के साथ हम संस्था के न्यूज़लेटर के द्वितीय वर्ष के प्रथम अंक का प्रकाशन कर रहे हैं | संस्था के प्रत्येक विभाग की उपलब्धियों को हमने इस न्यूज़लेटर के माध्यम से आप सभी तक पहुचने का प्रयास पुरे लगन से किया है |

हमारा यह न्यूज़लेटर, संस्था के सभी व्यक्तियों के उम्मीदों पर खरा उतरने में प्रयासरत है |

Vision of the Institute

To be a quality technical institute that will transform the Students to be skilled manpower and socially receptive citizens.

Mission of the Institute –

- Achieve improved teaching-learning process and industry integrated interactions to meet the need of the engineering Environment.
- Empower the students with knowledge, attitude and skill of employability, entrepreneurship and professionally ethical citizens.

Government Polytechnic Bhatapara, Village Deori Road, Dist- Baloudabazar-Bhatapara, 493118 (C.G.)

E-mail- gpbhatapara@gmail.com Website- gpbhatapara.ac.in